Need to set up a centre of Rashtriya Natya Vidyalaya, Delhi in Valmikinagar Parliamentary Constituency.-laid

श्री सुनील कुमार (वाल्मीकि नगर): मैं सरकार का ध्यान राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली का एक केंद्र संसदीय क्षेत्र वाल्मीकिनगर में स्थापित करने के संबंध में आकृष्ट कराना चाहता हूँ। मेरा लोकसभा वाल्मीकिनगर बिहार का सीमांत एवं आदिवासी क्षेत्र है। इस क्षेत्र के आदिवासी समाज द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला लोकनृत्य झमटा बहुत ही प्रसिद्ध है। इस क्षेत्र में कला संस्कृति को विकसित करने की अपार संभावनाए हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र से कला जगत में एक से बढ़कर एक महान हस्तियाँ उत्पन्न हुई हैं जिनमें से कुछ लोगों ने बॉलीवुड में भी अपना परचम लहराया है। इस क्षेत्र के युवाओं एवं युवतियों की कला को निखारने तथा विकसित करने के लिए राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली के एक केंद्र की स्थापना जनहित में अतिआवश्यक है। अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ कि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली के एक केंद्र की स्थापना मेरे संसदीय क्षेत्र वाल्मीकिनगर में यथाशीघ्र की जाए।